**अभ्यास प्रश्न पत्र – 2 (2020-2021)**

**CLASS XII**

**Geography (Theory)**

**Allotted Time- 3 Hours** **Total Marks – 70**

**सामान्य निर्देश:-**


1- यह प्रश्न पत्र 3 खंडों मे विभाजित है खंड क, ख, और ग ।
2- इस प्रश्न पत्र में कुल 29 प्रश्न है। सभी अनिवार्य है।
3- खंड क मे प्रश्न संख्या 1 से 15 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्र्श्न 1 अंक का है। इस खंड से केवल कोई 14 प्रश्न करने है। उत्तर पुस्तिका में केवल सही उत्तर लिखना है।
4- खंड ख मे प्रश्न संख्या 16 और 17 हैं। ये स्रोत, चित्र और ग्राफ आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रश्न लघु और बहुविकल्पीय हैं। प्रत्येक प्रश्न के नीचे 4 उप प्रश्नो में से किन्ही 3 प्रश्नो के उत्तर देने हैं।
5- खंड ग मे प्रश्न संख्या 18 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 80 से 100 शब्दों में लिखिए।
6- खंड ग में प्रश्न संख्या 23 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में लिखिए।
7- प्रश्न संख्या 28 और 29 मानचित्र से संबधित है। जो कि क्रमश; भौगोलिक विशेषताओं की पहचान इरने और स्थान निर्धारण करके नाम लिखने से संबधित हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
8- दिए गए मान चित्रों को भरकर उत्तर पुस्तिका में नत्थी कीजिए।
9- रूप रेखा मानचित्रों को खीचने के लिये टेम्पलेट और स्टेसिलो के प्रयोग की अनुमति है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **SECTION A**<br><br>रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।<br><br>भारत में--------------- और ---------------के साथ जलवायु प्रमुख रूप से जनसंख्या वितरण के प्रतिरूप को निर्धारित करती हैं। | 1 |
| 2. | निम्न में कौन सा कथन मानव का प्राकृतिकरण/ निश्चयवाद से सम्बधित नही है ?<br>(A) मानव प्रकृति की सुनता था।<br>(B) मानव के सामाजिक विकास की अवस्था आदिम थी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (C) मानवीय क्रियाएँ आभाव से स्वतंत्रता की ओर अग्रसर थी।<br>(D) तकनीकी ज्ञान का स्तर निम्न था। | |
| 3. | भारत मे हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, आगरा निम्न में किस वर्ग के प्रमुख नगरो के उदाहरण हैं ?<br>(A) मध्यकालीन नगर<br>(B) प्राचीन नगर<br>(C) आधुनिक नगर<br>(D) स्वतंत्रता के बाद बसे नगर | 1 |
| 4. | मूल्यांकित कीजिए कि निम्न में कौन सी विकासशील देशों की नगरीय बस्ती की प्रमुख समस्या है।<br>(A) नगरीय बस्तियों में पर्याप्त सुख सुविधाओं की व्यवस्था है।<br>(B) नगरीय बस्तियों में जनसंख्या का एक बडा भाग अनाधिकृत और गंदी बस्तियों में रहता है।<br>(C) बस्तियों मे सामाजिक अव संरचना का स्तरउच्च पाया जाता है।<br>(D) बस्तियों में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। | 1 |
| 5. | भारत के किस राज्य में नीरू–मीरू (जल और आप) नाम का जल संरक्षण कार्यक्रम चलाया गया है।<br>(A) राजस्थान<br>(B) तमिलनाडु<br>(C) आंध्रप्रदेश<br>(D) हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 6. | विश्लेषण कीजिए कि निम्न मे राज्यों का कौन सा समूह जनसंख्या की निम्न वृध्दि का प्रतिनिधित्व करता है।<br>(A) केरल,कर्नाटक,तमिलनाडु,आंध्रप्रदेश, गोआ<br>(B) गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा<br>(C) बिहार, छत्तीसगढ, झारखंड उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, सिक्किम<br>(D) उत्तराखंड, असम, मेघालय, उडीसा, हिमाचल | 1 |
| 7. | मानव विकास के निम्न उपागमों में से किस उपागम को अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रस्तावित किया गया है।<br>(A) क्षमता उपागम<br>(B) आधारभूत आवश्यकता उपागम<br>(C) कल्याण उपागम<br>(D) आय उपागम | 1 |
| 8. | निम्न में कौन सी मानव गरीबी सूचकांक की विशेषता नही है।<br>(A) यह सूचकांक मानव विकास में कमी को मापता है।<br>(B) यह एक बिना आय वाला सूचकांक है।<br>(C) प्रौढ साक्षरता दर इसका एक सूचक है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (D) यह सूचकांक अपेक्षाकृत अधिक कमी उद्घटित करता है। | |
| 9. | निम्न में कौन सी कृषि खट्टे फलों की आपूर्ति के लिए विशेष रूप से जानी जाती है।<br>(A) डेरी कृषि<br>(B) सहकारी कृषि<br>(C) कारखाना कृषि<br>(D) भूमध्य सागरीय कृषि | 1 |
| 10. | 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य की महिला साक्षरता दर सबसे कम है।<br>(A) राजस्थान<br>(B) हिमाचल प्रदेश<br>(C) बिहार<br>(D) छत्तीसगढ | 1 |
| 11. | कालम (अ) की मदों का कालम ( ब) की मदों से उचित मिलान कीजिए और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**कालम (अ)**<br>**कालम (ब)**<br>I कलपक्कम (तमिलनाडु) 1 पेट्रोलियम<br>II ओखला ( दिल्ली) 2 नाभिकीय ऊर्जा<br>III मनीकरण ( हिमाचल प्रदेश) 3 जैव ऊर्जा<br>IV नहर कटिया (असम) 4 भूतापीय ऊर्जा<br><br>विकल्प<br>I II III IV<br>(A) 2 3 4 1<br>(B) 2 4 3 1<br>(C) 4 3 1 2<br>(D) 3 2 4 1 | 1 |
| 12. | प्राय: पंचम क्रियाकलापों में लगे लोग निम्न में किस नाम से जाने जाते हैं।<br>(A) लाल कालर<br>(B) स्वर्ण कालर<br>(C) नीला कालर<br>(D) धूसर कालर | 1 |
| 13. | जापान के कोबे ओसाका प्रदेश में जनसंख्या के सघन बसाव के लिए उत्तरदायी कारण की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1 |


<table>
<tr><td></td><td>(A) खनिजों की उपलब्धता<br>(B) नगरीकरण<br>(C) औद्योगिकरण<br>(D) उपजाऊ मृदा</td><td></td></tr>
<tr><td>14.</td><td>जनसंख्या पिरामिड में पिरामिड का दायाँ भाग किस वर्ग की आयु को प्रदर्शित करता है ?<br>(A) स्त्रियों की<br>(B) पुरूषों की<br>(C) वृध्दों की<br>(D) बच्चों की</td><td>1</td></tr>
<tr><td>15.</td><td>रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए<br>भारत की जनगणना में प्रवास की गणना दो आधारों-----------और---------  पर की जाती है।</td><td>1</td></tr>
<tr><td></td><td>निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा नीचे दिए हुए प्रश्नों का उत्तर दीजिये।





(I) इंदिरा गांधी नहर को पहले किस नाम से जाना जाता था।<br>(A) राजपूताना नहर<br>(ब) कवर सेन नहर<br>(स) राजस्थान नहर</td><td></td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | (द) अपर गंगा नहर<br>(II) इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में कौन सा जिला शामिल नही है।<br>(A) हनुमानगढ<br>(ब) बीकानेर<br>(स) अलवर<br>(ड) नागौर<br>(III) विश्लेषण कीजिए कि इन्दिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र मे निम्न में कौन सा नकारात्मक प्रभाव पडा है।<br>(A) यहाँ की भूमि हरी- भरी हो गई है।<br>(B) मृदा में लवणता की मात्रा बढ गई है।<br>(C) फसलों की सघनता मे वृध्दि हो गई है।<br>(D) कृषि और पशुधन उत्पादकता मे वृध्दि होगई है।<br>(IV) बहुत से विद्वानो ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना की पारिस्थितिकीय पोषणता पर प्रश्न उठाए है इस का प्रमुख कारण क्या था उचित विकल्प का चयन कीजिए<br>(A) इस कमान क्षेत्र का विस्तार कई राज्यो पर है।<br>(B) इस नहर ने यहाँ की भूमि को हरा-भरा बना दिया।<br>(C) यहाँ परंपरागत फसलों के स्वरूप मे परिवर्तन हो गया।<br>(D) यहाँ सतत पोषणीयता की अवधारणा साकार नही हो सकी और भौतिक पर्यावरण का निम्नीकरण हुआ। | |
| 18 | **SECTION-C**<br>विश्व के बहुत अधिक स्थानो पर बहुत कम लोग और कम स्थानो पर बहुत अधिक लोग रहते हैं तीन तर्क देकर कथन को न्याय संगत ठहराइए।<br>अथवा<br>विश्व में जनसंख्या का वितरण भौतिक कारकों के साथ साथ आर्थिक कारकों से भी प्रभावित हुआ है तीन आर्थिक कारणों के उदाहरण देकर कथन को न्याय संगत ठहराइए। | 1+1+1=3 |
| 19 | भारत में गुच्छित और परिक्षिप्त बस्तियों मे किन्ही तीन आधारों पर अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1+1+1=3 |
| 20 | संसाधनों तक पहुंच, स्वास्थ्य एंव शिक्षा मानव विकास के केंद्र बिंदु है। कथन को प्रमाणित कीजिए।<br>अथवा<br>मानव विकास को मापने की विधियाँ निरंतर परिष्कृत हो रही है। तर्क देकर प्रमाणित कीजिए। | 3 |
| 21 | भारत में जल की घटती उपलब्धता और बढती मांग के कारण जल संसाधनो के संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता बढ गई है।कथन की व्याख्या कीजिए। | 3 |
| 22 | अधिक विकसित देशों में तृतीय क्रियाकलापों में कर्मियों का अधिकतर प्रतिशत लगा है। जबकि अल्प विकसित देशो में बहुत कम लोग इस सेवा क्षेत्र में लगे है। इस अन्तर के लिए उत्तरदायी किन्ही तीन कारणों की खोज कीजिए। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | प्रवास के परिणामों को आर्थिक, सामाजिक, सांसकृतिक, राजनैतिक् व जनाकीकिय संदर्भो में देखा जाता है कथन की परख कीजिए। | 5 |
| 24 | भारत में भू- निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी किन्ही पांच कारको की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>भारत के कई शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक हो गया है।पांच उदाहरण देकर वायु प्रदूषण के कारणों की व्याख्या कीजिए। | 5 |
| 25 | चलवासी पशुचारण क्या है। इसकी किन्ही चार विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।<br>अथवा<br>निर्वाह कृषि किसे कहते है। आदिकालीन निर्वाह कृषि की किन्ही चार विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। | 1+4=5 |
| 26 | विश्व में ग्रामीण बस्तियों की स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्ही पांच कारको का विश्लेषण कीजिए। | 5 |
| 27 | हाल के वर्षों में नाभिकीय ऊर्जा एक व्यवहार्य स्रोत के रूप मे उभरा है। कथन को न्याय संगत ठहराइए। | 5 |
| 28 | भारत के दिए गये रेखा राजनैतिक मानचित्र में किन्ही पांच को उचित चिन्हों से दर्शाइए और उनके सम्मुख नाम लिखिए।<br>(I) भारत का सबसे कम नगरीकृत राज्य<br>(II) भारत का सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य (2011)<br>(III) रत्नागिरी लौह अयस्क क्षेत्र<br>(IV) चाय के उत्पादन में अग्रणी राज्य<br>(V) चैन्नई महानगर<br>(VI) सिहँभूमि तांबा क्षेत्र<br>(VII) उत्तर प्रदेश की तेल शोधनशाला | 1x5 |

| | | |
|---|---|---|
| | <br> | |
| 29 | संसार के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र में पांच भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E से दर्शाया गया है। इनकी पहचान निम्न लिखित जानकारी की मदद से कीजिए और उनके सही नाम उनके सामने खीची गई रेखाओं पर लिखिए।<br>(A) अफ्रीका महाद्वीप का क्षेत्रफल में सबसे बडा देश<br>(B) एक चलवासी पशुचारण का क्षेत्र<br>(C) जापान का एक मेगा सिटी<br>(D) निर्वहन संग्रहण का एक क्षेत्र<br>(E) मिश्रित कृषि का एक क्षेत्र | 1x5 |



WORLD -POLITICAL
संसार राजनैतिक
Tropic of Cancer
23½ N
66½ N
23½S
23½° S
66½° S
SCALE
kms. 0 2000 4000 6000 kms.
E
(A)
(B)
(C)
(D)